## आकाशवाणी शिमला

## 05.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

**प्रधानमंत्री–जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कदम से कई वस्तुओं पर कर में कटौती होने से मध्यम वर्ग की जेब में पैसा आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रोटी व जीवन रक्षक दवाओं जैसी ज़रूरी वस्तुओं पर कर पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों कर स्लैब 22 सितंबर से यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में ''पंच रत्न'' को शामिल किया है।

**''जीएसटी परिषद् ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार स्तरीय संरचना से सरल बनाकर पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय संरचना में बदल दिया है। बात करें उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की तो इन्हें अधिक किफायती बनाने के लिए जीएसटी परिषद ने इन वस्तुओं पर कर स्लैब में बदलाव का निर्णय लिया है। नए कर ढांचे के तहत एयर कंडीशनर पर 28: की जगह 18: जीएसटी लगेगा। इसी तरह 32 इंच से अधिक के एलईडी और एलसीडी टीवी सहित टेलीविजन पर जीएसटी दरों को वर्तमान 28: से घटकर 18: करने का निर्णय लिया गया है। नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगीं। नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं।''**

**शिक्षक दिवस**

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मस्तिष्क को पोषित करने के लिए शिक्षकों का समर्पण एक मजबूत और उज्जवल भविष्य की नींव है। इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों और मेक इन इंडिया सहित वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों के साथ मिलकर अभियान चलाएं।

इस बीच प्रदेश में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम शिमला में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार के लिए चयनित हुए अध्यापकों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज कुल्लू जिले के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे भुंतर एयरपोर्ट से मनाली के बीच बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री कुल्लू के अखाड़ा बाजार में कल हुई भूस्खलन की घटना में दबे हुए लोगों को ढूंढने के लिए चल रहे रैस्क्यू अभियान का जायज़ा भी लेंगे। गौरतलब है कि कल भूस्खलन की इस घटना में दो घरों के क्षतिग्रस्त होने से दस लोग

इसमें दब गए थे, जिनमें से तीन लोगों को सुरक्षित निकाल दिया था जबकि एक व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया था। अन्य 6 लोगों को ढूंढने के लिए आज सुबह से ही तलाशी अभियान जारी है।

**मौसम**

प्रदेश में बीते कई दिनों से लगातार चल रही मानसून की भारी वर्षा के क्रम से आज लोगों को कुछ राहत मिली है। राज्य के कई इलाकों में आज बादलों के साथ हल्की धूप भी निकली हुई है। मौसम खुलने से प्रदेश में राहत कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। मौजूदा मानसून सीजन में हुई भारी बारिश और भू–स्खलन जैसी घटनाओं में प्रदेश को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन लगभग 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपए लगाया गया है। प्रदेश में वर्षा जनित हादसों में अब तक 3 सौ 55 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 49 लोग अभी भी लापता है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है।

**ईद मिलाद–उन–नबी**

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद मिलाद–उन–नबी, आज देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षा से सम्बंधित ''मिलाद महफिलें'' और ''सीरत सम्मेलन'' आयोजित किए जा रहे हैं और मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं।

**भरमौर रैस्क्यू**

इस बीच प्राकृतिक आपदा के चलते भरमौर में फंसे मणिमहेश यात्रियों को रैस्क्यू करने के लिए अभियान आज और भी तेज कर दिया गया है। आज सुबह ही रैस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए पठानकोट से भारतीय वायुसेना के चिनूक हैलीकॉप्टर चंबा पहुंचे हैं जो भरमौर से यात्रियों को चंबा पहुंचाने का कार्य करेंगे।